प्रेस नोट

थाना मौदहा **दिनांक 15.07.2024**

श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 15/07/2024 को श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा पुलिस बल के साथ त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया साथ ही मोहर्रम त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही ताजिया स्थलों का भी निरीक्षण किया गया स्थानीय व्यापारियों व धर्मगुरुओं,जनता के लोगों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के संबंध में सुझाव भी मांगे गए एवं निस्तारण के संबंध में सम्बंधित को निर्देशित किया गया व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस- प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। एवं जनमानस से असामाजिक तत्त्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया व आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा,प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।